**Series SMA/2**

कोड नं. **66/2/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*



IndiaTodayEducation
INDIA TODAY.in EDUCATION

*सामान्य निर्देश :*

(i) *1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** से **एक वाक्य** तक हों ।*

(ii) *3 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर 50 – 75 शब्दों के हों ।*

(iii) *4 – 5 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों के हों ।*

(iv) *6 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों के हों ।*

(v) *एक प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

***General Instructions :***

(i) *Answers to questions carrying **1** mark may be from **one word** to **one sentence**.*

(ii) *Answers to questions carrying **3** marks may be from **50 – 75** words.*

(iii) *Answers to questions carrying **4 – 5** marks may be about **150** words.*

(iv) *Answers to questions carrying **6** marks may be about **200** words.*

(v) *Attempt all parts of a question together.*

**1.** योजना के उस प्रकार का नाम बताइए जिसके द्वारा उद्देश्य के अनुसार एक कार्य को निष्पादित करने के तरीके उपलब्ध कराए जाते हैं । *1*

Name the type of plan which provides the prescribed ways in which a task has to be performed considering the objective.

**2.** नियोजन एक सर्वव्यापी कार्य कैसे है ? उल्लेख कीजिए । *1*

How is planning a pervasive function ? State.

**3.** प्रबन्ध की उस प्रकृति को पहचानिए जब कोई प्रबन्धक इसके उपलब्ध सैद्धान्तिक ज्ञान को अपने अनुपम तरीके से प्रयुक्त करता है । *1*

Identify the nature of management when a manager applies the existing theoretical knowledge in his own unique manner.

**4.** प्रबन्ध के किस स्तर पर प्रबन्धक उत्पाद की गुणवत्ता एवं सुरक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होते हैं ? *1*

At which level of management are the managers responsible for maintaining the quality of output and the safety standards ?



INDIA TODAY.in EDUCATION

5. 'नियुक्तिकरण' की प्रक्रिया के एक सोपान के रूप में 'निष्पादन मूल्यांकन' का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of 'Performance Appraisal' as a step in the process of 'Staffing'.

6. 'अभिप्रेरण' को परिभाषित कीजिए । *1*

Define 'motivation'.

7. भारतीय प्रतिभूति एवं अधिनियम बोर्ड (सेबी) की स्थापना के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

State any one objective of setting up of Securities and Exchange Board of India (SEBI).

8. 'वित्तीय बाज़ार' से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by 'Financial Market' ?

9. 'सरकार' किस प्रकार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करती है ? उल्लेख कीजिए । *1*

How does the 'Government' protect the interests of consumers ? State.

10. खाने का तेल खरीदते समय एक कैश मीमो लेने के अतिरिक्त एक उपभोक्ता का कोई एक उत्तरदायित्व बताइए । *1*

Give any one responsibility of a consumer in addition to obtaining a cash memo while purchasing an edible oil.

11. समझाइए कि प्रबन्ध के सिद्धान्त किस प्रकार : *3*

(i) संसाधनों के इष्टतम उपयोग एवं प्रभावी प्रशासन में सहायक होते हैं तथा

(ii) विचारपूर्ण निर्णयन में सहायता करते हैं ।

Explain how principles of management :

(i) help in optimum utilization of resources and effective administration and

(ii) help in thoughtful decision making.

12. 'प्रशिक्षण' एवं 'विकास' को परिभाषित कीजिए । *3*

Define 'Training' and 'Development'.



India Today Education
INDIA TODAY.in EDUCATION

13. एक कम्पनी के 'पूँजी ढांचे' से क्या अभिप्राय है ? एक कम्पनी के पूँजी ढांचे को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो घटकों का उल्लेख कीजिए । *3*

What is meant by 'Capital Structure' of a company ? State any two factors which affect the capital structure of a company.

14. जसदीप, जो स्कूल यूनीफॉर्म का एक व्यापारी है, ने अपने लाभ को अधिकतम करने के लिए विभिन्न आक्रामक प्रवर्तन प्रयासों का प्रयोग करने का निर्णय लिया । *3*

(i) जसदीप द्वारा अपनाए गए विपणन प्रबन्ध दर्शन को पहचानिए ।

(ii) निम्न आधार-बिन्दुओं पर इस दर्शन को समझाइए :

(अ) मुख्य केन्द्र-बिन्दु

(ब) साधन एवं उद्देश्य

Jasdeep, a dealer in school uniforms, decided to maximise his profit by using different aggressive promotional efforts.

(i) Identify the market management philosophy adopted by Jasdeep.

(ii) Explain this philosophy on the basis of

(a) Main Focus

(b) Means and Ends

15. ऐसे किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन कीजिए जो प्रबन्ध में पर्यवेक्षण की भूमिका को स्पष्ट करते हैं । *3*

Describe any three points which explain the role of supervision in management.

16. वैज्ञानिक प्रबन्ध की उस तकनीक को समझाइए जो नियोजन एवं उसके क्रियान्वयन कार्य को अलग करती है । *4*

Explain the technique of scientific management which separates the planning and execution work.

17. संगठन को 'एक प्रक्रिया के रूप में' तथा 'एक ढांचे के रूप में' परिभाषित कीजिए । *4*

Define organising 'as a process' and 'as a structure'.

18. 'तकनीक का चयन' एवं 'व्यवसाय की प्रकृति' किस प्रकार एक कम्पनी की 'स्थायी पूँजी' की आवश्यकताओं को प्रभावित करते हैं ? समझाइए । *4*

How do 'Choice of Technique' and 'Nature of Business' affect the 'Fixed Capital' requirements of a company ? Explain.



IndiaTodayEducation
INDIA TODAY.in EDUCATION

19. उपभोक्ता के निम्नलिखित अधिकारों को समझाइए : 4

(अ) शिकायत का अधिकार

(ब) उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

Explain the following 'Rights of Consumers' :

(a) Right to be Heard

(b) Right to Consumer Education

20. रमेश, हरीश जो एक बढई है, के मार्गदर्शन में पिछले तीन वर्षों से इस कार्य की विभिन्न क्षमताओं को सीखने के लिए कार्य कर रहा है ।

प्रशिक्षण की उस विधि का नाम बताते हुए उसे समझाइए जिसका अनुभव रमेश कर रहा है । 4

Ramesh is working under the guidance of Harish, a carpenter, for the last three years to learn the different skills of this job.

Name and explain the method of training Ramesh is undergoing.

21. 'समन्वय' का क्या अर्थ है ? प्रबन्ध में इसके महत्त्व के किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन कीजिए । 5

What is meant by 'Co-ordination' ? Explain any two points of its importance in management.

22. व्यावसायिक पर्यावरण की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 5

Describe any five features of Business Environment.

23. नियोजन के किन्हीं तीन लाभों तथा किन्हीं दो सीमाओं को समझाइए । 5

Explain any three advantages and any two limitations of Planning.

24. उस वित्तीय निर्णय को पहचानिए जो यह निर्धारित करता है कि कम्पनी द्वारा अर्जित लाभ की कितनी राशि वितरित की जाए और कितनी राशि व्यवसाय में प्रतिधारित की जाए । इस निर्णय को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए । 5

Identify the financial decision which determines the amount of profit earned to be distributed and to be retained in the business. Explain any four factors affecting this decision.

25. 'विपणन' एवं 'विक्रय' में किन्हीं पाँच आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए । 5

Differentiate between 'Marketing' and 'Selling' on any five bases.



India Today Education
INDIA TODAY.in EDUCATION

26. 'विकेन्द्रीयकरण' का क्या अर्थ है ? इसके महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए । 6

अथवा

एक चित्र की सहायता से संगठन के 'प्रभागीय ढाँचे' का अर्थ दीजिए । इस ढाँचे के किन्हीं तीन लाभों को समझाइए ।

What is meant by 'Decentralisation' ? Explain any four points of its importance.

OR

With the help of a diagram, give the meaning of 'Divisional Structure'. Explain any three advantages of this structure.

27. 'सम्प्रेषण' का अर्थ देते हुए इसकी किन्हीं चार सांकेतिक बाधाओं का वर्णन कीजिए । 6

अथवा

प्रबन्ध के एक कार्य के रूप में 'निर्देशन' का अर्थ दीजिए तथा इसके महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए ।

Giving the meaning of 'Communication', explain any four semantic barriers to communication.

OR

Give the meaning of 'Directing' as a function of management and any four points of its importance.

28. 'नियन्त्रण' से क्या अभिप्राय है ? नियन्त्रण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को समझाइए । 6

अथवा

'बजटीय नियन्त्रण' से क्या अभिप्राय है ? बजटीय नियन्त्रण के किन्हीं पाँच लाभों को समझाइए ।

What is meant by 'Controlling' ? Describe the steps in the process of controlling.

OR

What is meant by 'Budgetary Control' ? Explain any five advantages of Budgetary Control.


IndiaTodayEducation
INDIA TODAY.in EDUCATION

**29.** 'पूँजी बाज़ार' का क्या अर्थ है ? 'पूँजी बाज़ार' और 'मुद्रा बाज़ार' में किन्हीं चार आधारों पर अन्तर्भेद कीजिए । *6*

**अथवा**

'प्राथमिक बाज़ार' का क्या अर्थ है ? 'प्राथमिक बाज़ार' तथा 'द्वितीयक बाज़ार' में किन्हीं चार बिन्दुओं पर अन्तर बताइए ।

What is meant by 'Capital Market' ? Differentiate between 'Capital Market' and 'Money Market' on any four bases.

**OR**

What is meant by 'Primary Market' ? Differentiate between 'Primary Market' and 'Secondary Market' on any four points.

**30.** उत्पादों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है : 'उपभोक्ता उत्पाद' एवं 'औद्योगिक उत्पाद' । औद्योगिक उत्पादों की तीन मुख्य श्रेणियों को समझाइए । *6*

**अथवा**

वस्तुओं एवं सेवाओं के विपणन में मूल्य-निर्धारण एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है और इसका निर्धारण बहुत से घटकों से प्रभावित होता है । ऐसे किन्हीं चार घटकों को समझाइए ।

Products may be classified into two categories : 'Consumer Products' and 'Industrial Products'. Explain three major categories of Industrial Products.

**OR**

Pricing occupies an important place in the marketing of goods and services and its determination is affected by many factors. Explain any four such factors.

IndiaTodayEducation



INDIA TODAY.in EDUCATION